# महाकुम्भ : कौंसुल ने लगातार जल अपूर्ति सुनिश्चित की

इलाहाबाद। अग्रणी उर्जा संसाधनों यूपीएस सोलर पॉवर इनवर्टर और वोल्टेज स्टेबलाइजर के निर्माता कौंसुल कंसोलिडेटेड ने महाकुंभ के दौरान उन्नत किस्म की उर्जा सयंत्रों के जरिये अबाधित जल आपूर्ति करने के लिए उत्तर प्रदेश जल निगम से अपनी साझेदारी की घोषणा की है। कौंसल ने यूपी जल निगम के पम्पिंग स्टेशन पर 60 केवीए कौंसुल वोल्टेज स्टेबलाइजर स्थापित किये है। जिससे कि महाकुंभ के दौरान श्रद्धालुओं के लिए अबाधित जलापूर्ति की जा रही है। मेले में पम्पिंग स्टेशनों पर स्थापित 46 कौंसुल सर्वो स्टेबलाइजरों के जिरिये २४गुणे७ पूरे कुंभ नगर में ५५० किलोमीटर लम्बी पाइपलाइन द्वारा २०.००० कनेक्शन पर जलापूर्ति की जा रही है। इस अवसर पर बोलते हुए एनपी कृष्णन डायरेक्टर मार्केटिंग कौंसुल कंसोलिडेटेड ने कहा कौंसुल इस बात से गौरवान्वित महसूस कर रहा है कि हमारे वोल्टेज स्टेबलाइजर विश्व के बडे मेले महाकुंभ के पूरे ५५ दिनों के अवधि के दौरान वाटर पम्पिंग स्टेशनों को उर्जा प्रदान कर रहे है।